भविष्य ज्ञान ज्योति राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा 2022-23 (स्तर : महाविद्यालय)



# संत श्री राजाराम भविष्य ज्ञान ज्योति फाउण्डेशन

## भविष्य ज्ञान ज्योति राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा 2022-23

## स्तर : महाविद्यालय

**समय : 2 घण्टे 30 मिनट** **प्रश्नों की संख्या : 150** **पूर्णांक : 150**

**निर्देश (Instruction) :**

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: (A), (B), (C), (D) अंकित किया गया है। प्रतिभागी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है।
5. गलत उत्तर के लिए **नकारात्मक अंकन नहीं** होगा।

---

**1. 'अभीष्ट' शब्द का संधि विच्छेद होगा—**
(A) अभी + इष्ट (B) अभि + इष्ट
(C) अभि + ईष्ट (D) अभि + एष्ट

**2. 'शीतोष्ण' शब्द में समास होगा—**
(A) बहुब्रीहि समास (B) अव्ययीभाव समास
(C) कर्मधारय समास (D) द्वन्द्व समास

**3. 'अति' उपसर्ग से बना शब्द नहीं है—**
(A) अतिशय (B) अत्याचार
(C) अत्युत्तम (D) अन्वय

**4. 'य' प्रत्यय से युक्त शब्द है—**
(A) भारतीय (B) सौन्दर्य
(C) गांगेय (D) भागिनेय

**5. 'कमल' शब्द के पर्यायवाची शब्द समूह की पहचान कीजिए—**
(A) सरोज, उत्पल, सारंग (B) नलिन, वारिस, जलज
(C) पंकद, इंदीवर, नीरज (D) अंबुज, जलद, पुंडरिक

**6. निम्नलिखित में से कौनसा विलोम शब्द युग्म सही नहीं है—**
(A) आहूत - अनाहूत (B) इति - अथ
(C) तृष्णा - त्याग (D) नश्वर - शाश्वत

**7. 'जो पसीने से उत्पन्न हो' के लिए उपयुक्त शब्द कौनसा है—**
(A) स्वयंभू (B) स्वेदज
(C) जरायुज (D) अंडज

**8. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध एवं सही है?**
(A) आर्शीवाद (B) आशिर्वाद
(C) आशीर्वाद (D) आशीवार्द

**9. 'दाल में कुछ काला होना' मुहावरे का सही अर्थ कौनसा है?**
(A) दाल काली होना (B) दाल में जीरा जला हुआ होना
(C) दाल में कुछ गिर जाना (D) संदेह या आशंका होना

**10. 'संस्तुति' (सिफारिश) शब्द का अर्थ द्योतक शब्द कौनसा है?**
(A) ADMISSION (B) COMPENSATION
(C) RECOMMENDATION (D) MANATE

**11. Choose correct form of the verb—**
**If I .......... (be) a bird, I would fly in the sky.**
(A) was (B) were
(C) will be (D) shall be

**12. Change the sentence into Active Voice—**
**"The bicycle had been stolen."**
(A) Someone had stolen the bicycle.
(B) Someone had been stolen the bicycle.
(C) The bicycle had stolen by someone.
(D) None of the above.

**13. Change into Indirect Speech—**
**Ram said, "Water boils at 100°C.**
(A) Ram told that water boils at 100°C.
(B) Ram said that water boils at 100°C.
(C) Ram said that water is boil at 100°C.
(D) Ram told that wate is boiled at 100°C.

**14. Fill in the blanks with appropriate modal.**
**When I read in class V, I .......... speak English fluently.**
(A) can (B) could
(C) should (D) must

**15. Fill in the blanks with a verb in agreement with its subject.**
**Ten miles .......... not a long distance.**
(A) is (B) are
(C) am (D) none

**16. Choose appropriate Relative Pronoun.**
**Ram .......... son is a doctor is my friend.**
(A) who (B) whom
(C) whose (D) which

**17. Frame a question "I am going to Patna."**
(A) Where am I going?
(B) Where are you going to Patna?
(C) Where are you going?
(D) Where are you going to?

**18. Make a question tag—**
**He never takes tea, .........?**
(A) Does he (B) Doesn't he
(C) Is he (D) Isn't he

**19. Choose appropriate word for the group of the words—**
**A person who hates of mankind.**
(A) Cynophobia (B) Introvert
(C) Hypocrite (D) Misanthrope

**20. Fill in the blanks with appropriate conjunction.**
**.......... he is poor, he can purchase a car for him.**
(A) While (B) But
(C) Yet (D) Although

**21. एक बॉक्स में 90 कागज की पर्चियाँ हैं जिस पर 1 से 90 तक संख्याओं का अंकन है यदि इस बॉक्स में से एक पर्ची यादृच्छिक निकाली जाती है तो दो अंकों वाली संख्या आने की प्रायिकता क्या होगी?**
(A) $\frac{9}{10}$ (B) $\frac{1}{9}$
(C) $\frac{89}{90}$ (D) $\frac{90}{90}$

**22. यदि 6, 8, 9, $x$ तथा 13 का माध्य 10 हो तो $x$ का मान ज्ञात कीजिए—**
(A) 12 (B) 18
(C) 14 (D) 15

**23. एक घन का सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 96cm³ है तो घन का आयतन क्या होगा?**
(A) 6 $cm^3$ (B) 8 $cm^3$
(C) 15 $cm^3$ (D) 64 $cm^3$

**24. यदि दो संख्याओं का अन्तर 3 हो और उनके वर्गों का अन्तर 39 हो तो छोटी संख्या क्या होगी?**
(A) 5 (B) 8
(C) 13 (D) 9

**25. समान्तर श्रेणी 3,6,9,12,15,18,21.......... का 31वाँ पद क्या होगा?**
(A) 92 (B) 66
(C) 99 (D) 93

**26. एक आयताकार खेत की लम्बाई व चौड़ाई का अनुपात 3 : 2 है यदि इसकी चौड़ाई लम्बाई से 10 cm कम हो तो आयत की क्रमशः लम्बाई व चौड़ाई क्या होगी?**
(A) 30 सेमी, 20 सेमी (B) 20 सेमी, 30 सेमी
(C) 12 सेमी, 2 सेमी (D) 40 सेमी, 30 सेमी

**27. दो बेलनों की त्रिज्याओं का अनुपात 2 : 3 है तथा उनकी उँचाइयों का अनुपात 5 : 3 है तो इनके आयतनों का अनुपात क्या होगा?**
(A) 15 : 13 (B) 20 : 27
(C) 13 : 15 (D) 27 : 20




**28. यदि वृत्त की परिधि 44 सेमी है तो वृत्त का क्षेत्रफल क्या होगा?**
(A) 49 $cm^2$ (B) 98 $cm^2$
(C) 154 $cm^2$ (D) 124 $cm^2$

**29. पाइथोगोरस प्रमेय का संबंध किस त्रिभुज से है?**
(A) समकोण त्रिभुज (B) समरूप त्रिभुज
(C) समद्विबाहु त्रिभुज (D) इनमें से कोई नहीं

**30. घन की भुजा 6 cm है तो घन का क्षेत्रफल क्या होगा?**
(A) 316 $cm^2$ (B) 124 $cm^2$
(C) 319 $cm^2$ (D) 216 $cm^2$

**31. रजनी अपने घर से उत्तर दिशा में 2 किमी. चलने के बाद बाएँ मुड़ कर 6 किमी. चली तथा अंत में दाएँ मुड़कर आगे चली। अब वह किस दिशा में चल रही है?**
(A) पश्चिम (B) पूर्व
(C) उत्तर (D) दक्षिण

**32. यदि जनवरी 22, 2010 को रविवार हो तो इस वर्ष किस अन्य माह की 22 तारीख को रविवार होगा?**
(A) दिसम्बर (B) फरवरी
(C) अक्टूबर (D) अप्रैल


**33. निम्न में से कौनसा आरेख शिक्षक, शिक्षिका एवं मनुष्य के बीच संबंध को सही रूप में दर्शाता है—**
(A)  (B) 
(C)  (D) 

**34. KP, AZ, EV, HS ?**
(A) MP (B) DY
(C) MN (D) DU

**35. 45, 38, 34, 33 ?**
(A) 30 (B) 32
(C) 29 (D) 35


**36. कनाडा : ओटावा :: स्पेन : ?**
(A) रोम (B) पेरिस
(C) मेड्रिड (D) जकार्ता

**37. एक तस्वीर की ओर संकेत करते हुए पवन ने कहा कि वह मेरे पितामह के एकमात्र पुत्र की एकमात्र पुत्री है तो वह तस्वीर पवन से किस प्रकार संबंधित है?**
(A) माँ (B) बहन
(C) भतीजी (D) पुत्री

**38.** 


(A) 60　　(B) 50
(C) 25　　(D) 21

**39. निम्न चित्र में कितने समान्तर चतुर्भुज हैं—**



(A) 12　　(B) 15
(C) 16　　(D) 18

**40. कथन 1 : कुछ गायें मुर्गियाँ हैं। कथन 2 : कुछ मुर्गियाँ बिल्लियाँ हैं। निष्कर्ष I : कुछ बिल्लियाँ गायें हैं। II : कुछ गायें बिल्लियाँ हैं। विकल्प :**

(A) I सही है।　　(B) II सही है
(C) I या II सही है।　　(D) न तो I न ही II सही है

**41. फ्रांस की क्रांति कब हुई?**

(A) 1689　　(B) 1789
(C) 1889　　(D) 1911

**42. रूस में जार का क्या अर्थ होता था?**

(A) बर्तन　　(B) मिट्टी का पात्र
(C) रूस का सम्राट　　(D) इनमें से कोई नहीं

**43. 9 अगस्त, 1945 ई. को नागासाकी पर गिराए गए बम का क्या नाम था?**

(A) ट्रमेन　　(B) फैटमैन
(C) लिटिल बॉय　　(D) लिटिल चाइल्ड

**44. संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई?**

(A) 24 अक्टूबर, 1945　　(B) 26 जुलाई, 1945
(C) 14 दिसम्बर, 1945　　(D) 24 मई, 1945

**45. विश्व का सबसे गहरा 'मेरियाना गर्त' किस महासागर में है?**

(A) अटलांटिक महासागर　　(B) हिन्द महासागर
(C) उत्तरी ध्रुव महासागर　　(D) प्रशान्त महासागर

**46. राजस्थान के मुख्यमंत्री श्रीमान अशोक गहलोत द्वारा जयपुर के खानिया बावड़ी से इन्दिरा गाँधी रोजगार गारन्टी योजना का शुभारम्भ कब किया गया?**

(A) 9 सितम्बर, 2022　　(B) 19 सितम्बर, 2022
(C) 5 अगस्त, 2022　　(D) 1 जुलाई, 2022

**47. हाल ही में राजस्थान सरकार द्वारा घोषित राजस्थान का 16वां कंजर्वेशन रिजर्व कौनसा है?**

(A) बीड (झुंझुनू)　　(B) रोटु (नागौर)
(C) मनसा माता (झुंझुनू)　　(D) रणखार (जालौर)

**48. राजीव गाँधी ग्रामीण ओलंपिक खेल 2022 का ग्राम पंचायत स्तर पर शुभारम्भ कब हुआ?**

(A) 29 अगस्त, 2022　　(B) 5 अगस्त
(C) 9 सितम्बर　　(D) 30 अगस्त

**49. पद्मश्री पुरस्कार 2022 किसे दिया गया है?**

(A) चन्द्रप्रकाश द्विवेदी　　(B) अवनि लेखरा
(C) रामदयाल शर्मा　　(D) उपर्युक्त सभी को

**50. हाल ही में 11 जुलाई, 2022 को राजस्थान सरकार द्वारा स्कूली छात्रों को कोरोना काल में हुए पढ़ाई के नुकसान की भरपाई के लिए रेमेडिएशन कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया—**

(A) राज. शिक्षा में नवाचार
(B) राजस्थान में शिक्षा के बढ़ते कदम
(C) राजस्थान में शिक्षा सुधार
(D) इनमें से कोई नहीं

**51. निम्नलिखित में से कौनसा शहर 'जल-मेट्रो परियोजना' वाला भारत का पहला शहर है?**

(A) कोलकाता　　(B) कोच्चि
(C) पणजी　　(D) विशाखापट्टनम्

**52. जून, 2022 में आयोजित पहली विश्व क्रिकेट टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब किस टीम ने जीता?**

(A) भारत　　(B) ऑस्ट्रेलिया
(C) न्यूजीलैण्ड　　(D) इंग्लैण्ड

**53. किस भारतीय को सोशल नेटवर्किंग टेक कंपनी (Twitter) का प्रमुख (CEO) नियुक्त किया?**

(A) संवित पात्रा　　(B) पराग अग्रवाल
(C) सुन्दर पिचाई　　(D) सुनील अरोड़ा

**54. अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 की थीम क्या थी?**

(A) योग ही जीवन है　　(B) योगा से होगा
(C) मानवता के लिए योग　　(D) सबके लिए योग

**55. हाल ही में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) का नया अध्यक्ष किसे चुना गया है?**

(A) डॉ. समीर वी. कामत　　(B) जगदीश धनकड
(C) यू.यू. ललित　　(D) लता थम्बी

**56. भारतीय संविधान में न्यायिक पुनर्विलोकन की अवधारणा को अपनाया गया है—**

(A) अमेरिकी संविधान से　　(B) यू.के. के संविधान से
(C) आयरलैण्ड के संविधान से　　(D) रूसी संविधान से

**57. संविधान सभा की प्रथम बैठक कब हुई थी?**

(A) 9 सितम्बर, 1948　　(B) 9 दिसम्बर, 1946
(C) 20 अगस्त, 1947　　(D) 8 अगस्त, 1946

**58. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में निम्न में से किस शब्द का उल्लेख नहीं किया गया है?**

(A) न्याय　　(B) धर्म
(C) प्रतिष्ठा　　(D) जन्म स्थान

**59. भारतीय संविधान में मौलिक कर्त्तव्यों का उल्लेख किस भाग में किया गया है?**

(A) भाग-4　　(B) भाग-4 (क)
(C) भाग-5　　(D) भाग-3

**60. नीति निदेशक तत्व किस देश से लिये गये हैं?**
(A) इंग्लैण्ड (B) अमेरिका
(C) आयरलैण्ड (D) कनाडा

**61. राष्ट्रपति के निर्वाचक मण्डल के सदस्य होते हैं—**
**(I) संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्य**
**(II) राज्य विधानमण्डल के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्य**
**(III) सभी राज्यों की विधानसभा के निर्वाचित सदस्य**
**(IV) दिल्ली व पुडुचेरी के विधानसभा के निर्वाचित सदस्य**
(A) I, II व III (B) I व II
(C) I, II व IV (D) I, III व IV

**62. प्रधानमंत्री के बारे में असंगत कथन है—**
(A) वह नीति आयोग का अध्यक्ष होता है।
(B) वह केन्द्र सरकार का प्रमुख प्रवक्ता है।
(C) वह सत्ताधारी दल का नेता होता है।
(D) वह सेनाओं का संवैधानिक प्रमुख होता है।

**63. सरकारिया आयोग का सम्बन्ध है—**
(A) केन्द्र-राज्य सम्बन्ध से (B) नीति निर्माण से
(C) भ्रष्टाचार जाँच से (D) सिविल सेवा से

**64. कौनसे संविधान संशोधन द्वारा नगरीय स्वायत्त शासन को संवैधानिक दर्जा दिया गया?**
(A) 72वें (B) 73वें
(C) 74वें (D) 76वें

**65. किस संविधान संशोधन के तहत राष्ट्रपति द्वारा लोकसभा में व राज्यपाल द्वारा विधानसभा में मनोनयन एंग्लोइंडियन सदस्यों के प्रावधान को समाप्त कर दिया गया?**
(A) 104वां संविधान संशोधन (B) 103वां संविधान संशोधन
(C) 102वां संविधान संशोधन (D) 101 वां संविधान संशोधन

**66. सिंधु घाटी सभ्यता के संदर्भ में निम्न में से कौनसा युग्म ( स्थल-संबंधित नदी ) सही सुमेलित नहीं है?**
(A) हड़प्पा – रावी (B) मोहनजोदड़ो – क्रुमु
(C) कालीबंगा – घग्गर (D) लोथल – भोगवा

**67. वैदिक संस्कृति के संदर्भ में निम्न में से कौनसा कथन असत्य है—**
(A) असतो मां सद्गमय वाक्य ऋग्वेद से लिया गया है।
(B) अथर्ववेद को ब्रह्मवेद भी कहा जाता है।
(C) सामवेद को भारतीय संगीत का जनक माना जाता है।
(D) यजुर्वेद केवल पद्य में वर्णित किया गया है।

**68. जैन धर्म के संदर्भ में निम्न में से कौनसा कथन असत्य है?**
(A) जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव थे।
(B) महावीर स्वामी जिनके बचपन का नाम सिद्धार्थ था, 24वें क्रम के तीर्थंकर थे।
(C) पार्श्वनाथ 23वें तीर्थंकर थे जिनका प्रतीक सर्प था।
(D) जैन धम श्वेताम्बर और दिगम्बर - दो संप्रदायों में विभाजित था।

**69. महात्मा बुद्ध के बौद्ध धर्म दर्शन के संदर्भ में निम्न में से कौनसा कथन असत्य है?**
(A) बौद्ध दर्शन अनीश्वरवादी है।
(B) बौद्ध दर्शन क्षणिकवादी है।
(C) बौद्ध दर्शन नितांत कर्मवादी है।
(D) बौद्ध दर्शन आत्मा के पुनर्जन्म में विश्वास करता है।

**70. 1857 की क्रांति के संदर्भ में निम्न में से कौनसा युग्म ( क्रांतिकारी-संबंधित स्थान ) सही सुमेलित नहीं है—**
(A) लखनऊ – बेगम हजरत महल
(B) कानपुर – नाना साहेब
(C) झांसी – लक्ष्मीबाई
(D) ग्वालियर – कुंवरसिंह

**71. 1857 के विद्रोह के समय भारत का गवर्नर जनरल कौन था?**
(A) कैनिंग (B) बैंटिंक
(C) मैटकॉफ (D) एलनब्रो

**72. भारत में सामाजिक-धार्मिक सुधार आंदोलन के संदर्भ में निम्न में से कौनसा युग्म ( सुधारक-संस्थापित संस्था ) सही सुमेलित नहीं है—**
(A) राजा राम मोहन राय – ब्रह्म सभा
(B) स्वामी विवेकानंद – रामकृष्ण मिशन
(C) आत्माराम पांडुरंग – प्रार्थना समाज
(D) दयानंद सरस्वती – धर्म सभा

**73. निम्न में से किसने 'सत्य शोधक समाज' की स्थापना की थी?**
(A) भीमराव अम्बेडकर (B) शंकर राव जाधव
(C) ज्योतिबा फूले (D) नारायण गुरु

**74. महात्मा गांधी के संदर्भ में निम्न में से कौनसा कथन असत्य है—**
(A) गांधीजी ने चम्पारण में भारत का प्रथम सत्याग्रह आरंभ किया।
(B) गांधीजी द्वारा इंडियन ओपिनियन, यंग इण्डिया, हरिजन आदि पत्रों का प्रकाशन किया गया।
(C) 'सत्य के साथ मेरे प्रयोग' गांधीजी की आत्मकथा है।
(D) गांधीजी ने वर्ष 1930 में 'व्यक्तिगत सत्याग्रह' आरंभ किया था जिसे दिल्ली चलो आंदोलन के नाम से भी जानते हैं।

**75. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के संदर्भ में निम्न में से कौनसा युग्म ( पुस्तक-लेखक ) सही सुमेलित नहीं है—**
(A) इण्डिया डिवाइडेड – राजेन्द्र प्रसाद
(B) अनहैप्पी इण्डिया – लाला लाजपत राय
(C) इण्डिया विन्स फ्रीडम – मो. अबुल कलाम आजाद
(D) डिस्कवरी ऑफ इण्डिया – मोतीलाल नेहरू

**76. भारत की द्वीप समूहों सहित सम्पूर्ण तटरेखा की लम्बाई कितनी है?**
(A) 3214 kms. (B) 2933 kms.
(C) 3287263 kms. (D) 7517 kms.

**77. श्रीनगर जिस नदी पर स्थित है, वह है—**
(A) सिंधु (B) चिनाब
(C) झेलम (D) रावी

**78. निम्नलिखित पर्वत श्रेणियों का उत्तर से दक्षिण की ओर सही क्रम कौनसा है?**
(A) काराकोरम, लद्दाख, जास्कर, पीरपंजाल
(B) लद्दाख, काराकोरम, जास्कर, पीरपंजाल
(C) पीरपंजाल, जास्कर, लद्दाख, काराकोरम
(D) जास्कर, लद्दाख, पीरपंजाल, काराकोरम

**79. भारत की दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर 2001-2011 में कितनी रही?**
(A) 21.3% (B) 17.7%
(C) 24.9% (D) 13.5%

**80. 'बैलाडिला' की खान किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है—**
(A) खनिज तेल (B) सीसा-जस्ता
(C) लौह अयस्क (D) तांबा

**81. निम्न में से असुमेलित युग्म की पहचान कीजिए—**
(A) पंचमढ़ी जीवमण्डल निचय – मध्यप्रदेश
(B) सुन्दरवन जीवमण्डल निचय – पश्चिमी बंगाल
(C) पन्ना जीवमण्डल निचय – मध्य प्रदेश
(D) अगस्त्यमलाई जीवमण्डल निचय – मेघालय

**82. प्रोजेक्ट टाइगर योजना किस वर्ष से चलायी जा रही है?**
(A) 1972 (B) 1973
(C) 1992 (D) 1953

**83. भारत की प्रथम औद्योगिक नीति की घोषणा कब की गई?**
(A) 1948 (B) 1946
(C) 1953 (D) 1956

**84. निम्न में से सत्य है—**
(A) राउरकेला इस्पात संयंत्र – जर्मनी के सहयोग से स्थापित
(B) दुर्गापुरा इस्पात संयंत्र – ब्रिटेन के सहयोग से स्थापित
(C) हिन्दुस्तान मशीन टूल्स – स्विट्जरलैण्ड के सहयोग से स्थापित
(D) उपर्युक्त सभी सत्य हैं।

**85. निम्नलिखित में से कौनसी नदी रिफ्ट घाटी में प्रवाहित नहीं होती है?**
(A) नर्मदा (B) चम्बल
(C) ताप्ती (D) महानदी

**86. निम्न में से सार्वजनिक बैंक नहीं है—**
(A) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (SBI)
(B) ICICI बैंक
(C) पंजाब नेशनल बैंक
(D) बैंक ऑफ बड़ौदा

**87. मानव विकास सूचकांक में भारत के निम्नलिखित राज्यों में से किस एक राज्य की कोटि उच्चतम है?**
(A) केरल (B) तमिलनाडु
(C) राजस्थान (D) महाराष्ट्र

**88. भारतीय अर्थव्यवस्था के सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GDP) में सर्वाधिक योगदान किस क्षेत्रक का है?**
(A) प्राथमिक क्षेत्रक (B) द्वितीयक क्षेत्रक
(C) तृतीयक क्षेत्रक (D) इनमें से कोई नहीं

**89. लॉरेज वक्र जितनी ही पूर्ण समता रेखा के पास होगी, आय की विषमता उतनी ही ............. होगी?**
(A) ज्यादा (B) कम
(C) बराबर (D) इनमें से कोई नहीं

**90. वर्तमान में भारत में निर्धनता रेखा या गरीबी रेखा का निर्धारण कौन करता है?**
(A) वित्त मंत्रालय, भारत सरकार (B) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन
(C) नीति आयोग (D) राष्ट्रीय विकास परिषद्

**91. अनाज रखने के बड़े मृद भाण्ड जिन्हें 'गोरे बंकोठ' कहा जाता था, किस प्राचीन सभ्यता से प्राप्त हुए हैं?**
(A) जोधपुरा (B) कालीबंगा
(C) ओझीयाना (D) आहड़

**92. मौर्यकालीन सभ्यता के अवशेष कहाँ से प्राप्त हुए हैं?**
(A) बैराठ (B) आहण
(C) सुनारी (D) कालीबंगा

**93. किस नदी के किनारे गणेश्वर सभ्यता के अवशेष मिले हैं?**
(A) कांतली (B) बनास
(C) आहड़ (D) चम्बल

**94. नागभट्ट प्रथम किस राजवंश से सम्बन्धित है?**
(A) परमार (B) गुहिल
(C) चौहान (D) गुर्जर-प्रतिहार

**95. पाबूजी की फड़ बांचने वाले भोपे किस वाद्य यंत्र का प्रयोग करते हैं?**
(A) डमरू (B) डेरू
(C) रावण हत्था (D) जन्तर

**96. दादू सम्प्रदाय की मुख्य पीठ कहाँ स्थित है?**
(A) नरैना (जयपुर) (B) शाहपुरा (जयपुर)
(C) सलेमाबाद (अजमेर) (D) पीपासर (नागौर)

**97. किस संत को 'राजस्थान का कबीर' कहा जाता है?**
(A) लालदास जी (B) दादूदयाल
(C) चरणदास (D) हरिदास जी

**98. वह लोकदेवता जिसकी आराधना हिन्दू-मुस्लिम दोनों करते हैं—**
(A) रामदेव जी (B) गोगाजी
(C) पाबूजी (D) जाम्भोजी

**99. 'बिना इसर की गवर' कहाँ पूजी जाती है?**
(A) जोधपुर (B) उदयपुर
(C) जयपुर (D) जैसलमेर

**100. कौनसा युग्म असंगत है?**
(A) चारभुजा का मेला – भाद्रपद शुक्ला एकादशी
(B) तीज की सवारी (जयपुर) – श्रावण शुक्ला तृतीया
(C) कृष्ण जन्माष्टमी – भाद्रपद शुक्ला अष्टमी
(D) चतरा चौथ – भाद्रपद शुक्ला चतुर्थी

**101. प्रसिद्ध 'घोटिया अम्बा' का मेला किस जिले में भरता है?**
(A) बांसवाड़ा (B) झालावाड़
(C) अलवर (D) अजमेर

**102. चन्द्रभागा मेला किस जिले में भरता है?**
(A) जोधपुर (B) बारां
(C) कोटा (D) झालावाड़

**103. निम्नलिखित में से असुमेलित युग्म कौनसा है?**
(A) ऊँट महोत्सव – बीकानेर (B) थार महोत्सव – बाड़मेर
(C) हाथी महोत्सव – जयपुर (D) शरद महोत्सव – चूरू

**104. किस वस्त्र का संबंध पुरुषों से नहीं है?**
(A) अचकन (B) घूघी
(C) पछेवडा (D) तिलका

**105. 'ओंगनियो' है—**
(A) बाजरे के कटे हुए पौधों का ढ़ेर
(B) स्त्रियों के कान का आभूषण
(C) ओढ़ने का वस्त्र
(D) बढ़ई का एक औजार

**106. 'तिमनिया' कहाँ पहना जाने वाला आभूषण है?**
(A) गला (B) बाजू
(C) कान (D) नाक

**107. ऊँट के गले में पहनाया जाने वाला आभूषण है—**
(A) हंसली (B) हालरियो
(C) गोरबन्द (D) मोहरा

**108. लोक नाट्यकार नानूराम किस ख्याल से संबंधित है?**
(A) जयपुरी (B) तुर्रा कलंगी ख्याल
(C) शेखावाटी ख्याल (D) हेला ख्याल

**109. राजस्थान की 'बहुरूपिया कला' को प्रसिद्धि दिलाने का श्रेय किसे जाता है?**
(A) देवीलाल सामर (B) जानकीलाल भांड
(C) लच्छीराम (D) दुलिया राणा

**110. राई लोक नाट्य का संबंध किस जनजाति से है?**
(A) भील (B) मीणा
(C) सहरिया (D) कथौड़ी

**111. किस लोक नृत्य को 'स्नैक चार्मर डांस' के नाम से भी जाना जाता है?**
(A) भवई (B) कठपूतली
(C) घूमर (D) कालबेलिया

**112. राजस्थान की भाषा के लिए 'राजस्थानी' शब्द सर्वप्रथम किसने प्रयुक्त किया था?**
(A) जॉर्ज अब्राहम गियर्सन (B) जेम्स टॉड
(C) थॉमस (D) उद्योतन सूरी

**113. 'कान्हड़दे प्रबंध' किसके द्वारा रचित है?**
(A) कल्लोल (B) पद्मनाभ
(C) शालीभद्रसूरी (D) चंदबरदायी

**114. 'पृथ्वीराज विजय' के लेखक थे—**
(A) जयानक (B) मुहणौत नैनसी
(C) नयन चन्द्र सूरी (D) जोधराज

**115. राजस्थान के किस पहाड़ी किले को यूनेस्को की विश्व धरोहर में शामिल नहीं किया गया है?**
(A) गागरोण दुर्ग (B) आमेर दुर्ग
(C) रणथम्भौर दुर्ग (D) मेहरानगढ़ दुर्ग

**116. 'तुरताई' माता का मंदिर कहाँ स्थित है?**
(A) तिलवाड़ा (B) तलवाड़ा
(C) तरवाडा (D) कंवराड़ा

**117. उदयपुर में 'फिश एक्वेरियम' की स्थापना कौनसी झील के किनारे की गई है?**
(A) फतेहसागर झील (B) पिछोला झील
(C) गोवर्धन सागर झील (D) स्वरूप सागर झील

**118. देश का पहला हेरीटेज होटल है—**
(A) उम्मेद भवन (B) अजीत भवन
(C) सामोद भवन (D) लालगढ़ पैलेस

**119. निम्नलिखित जिलों में से सर्वाधिक तिरछी किरणें किस जिले में पड़ती हैं?**
(A) नागौर (B) उदयपुर
(C) जालौर (D) बांसवाड़ा

**120. कौनसा युग्म पर्वत चोटी एवं ऊँचाई का सही नहीं है?**
(A) गुरु शिखर - 1722 मीटर (B) डोरा पर्वत - 869 मीटर
(C) रघुनाथगढ़ - 1080 मीटर (D) सेर - 1597 मीटर

**121. निम्न में से कौनसी नदी बंगाल की खाड़ी अपवाह तंत्र का भाग नहीं है?**
(A) बनास (B) खारी
(C) माही (D) बामनी

**122. निम्नलिखित में से कौनसा जिला जिसकी सीमा अन्तर्राष्ट्रीय तथा अन्तर्राज्यीय दोनों लगती है?**
(A) बाड़मेर (B) जालौर
(C) बीकानेर (D) जैसलमेर

**123. राजस्थान का वर्तमान स्वरूप कब अस्तित्व में आया?**
(A) 15-08-1950 (B) 26-01-1950
(C) 01-11-1950 (D) 01-11-1956

**124. प्राचीन काल में किसे 'कोठी' के नाम से जाना जाता था?**
(A) टोंक (B) धौलपुर
(C) भरतपुर (D) प्रतापगढ़

**125. 'राजपूताना' शब्द का प्रयोग राजस्थान के लिए सर्वप्रथम किसने किया था?**
(A) जॉर्ज थॉमस (B) कर्नल जेम्स टॉड
(C) श्यामलदास (D) गोपीनाथ शर्मा

**126. राजस्थान में भील आंदोलन के प्रणेता थे—**
(A) मोतीलाल तेजावत (B) गुरु गोविन्द गिरी
(C) भोगीलाल पाण्ड्या (D) मामा बालेश्वर

**127. 'जेन्टलमेन्स एग्रीमेन्ट' किन के मध्य हुआ था?**
(A) जयनारायण व्यास एवं मिर्जा स्माइल
(B) जमनालाल बजाज एवं मिर्जा स्माइल
(C) जयसिंह एवं शिवाजी
(D) मिर्जा स्माइल एवं हीरालाल शास्त्री

**128. 'पंछीड़ा' नामक लोकप्रिय गीत किस स्वतंत्रता सेनानी द्वारा रचित है?**
(A) विजयसिंह पथिक (B) रामनारायण चौधरी
(C) माणिक्य लाल वर्मा (D) भूरे लाल बयां

**129. रियासती राजस्थान में प्रचलित सागड़ी प्रथा थी—**
(A) विवाह की प्रथा (B) प्रचलित कर
(C) बंधुआ मजदूर प्रथा (D) एक त्योहार

**130. श्रीमती रमा देवी राजस्थान के किस किसान आंदोलन से सम्बद्ध रही?**
(A) बेंगू (B) बिजौलिया
(C) बरड (D) दुधवा खारा

**131. 'पोपा बाई री पोल' पुस्तक किसके द्वारा लिखी गयी थी?**
(A) जयनारायण व्यास (B) मथुरादास माथुर
(C) सागरमल गोपा (D) हीरालाल शास्त्री

**132. 'कृष्णा दिवस 1936' किस प्रजामण्डल द्वारा मनाया गया?**
(A) मारवाड़ प्रजामण्डल (B) कोटा प्रजामण्डल
(C) बूंदी प्रजामण्डल (D) जयपुर प्रजामण्डल

**133. जोधपुर में मारवाड़ हितकारिणी सभा की स्थापना कब हुई थी?**
(A) 1920 ई. (B) 1921 ई.
(C) 1922 ई. (D) 1925 ई.

**134. हल्दी घाटी का मूल रणक्षेत्र 'रक्त तलाई' वर्तमान में किस जिले में स्थित है?**
(A) राजसमन्द (B) उदयपुर
(C) चित्तौड़ (D) भीलवाड़ा

**135. कोटा में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किसने किया था?**
(A) राव रामचन्द (B) मोंक मोसन
(C) शावर्श (D) जयदयाल

**136. परमाणु के सम्बन्ध में कौनसा असुमेलित है?**
(A) न्यूट्रॉन – जे. चैडविक
(B) नाभिक – ई. रदरफोर्ड
(C) प्रोटॉन – जे.जे. टॉमसन
(D) एटॉमिक थ्योरी – नीन्स बोर

**137. निम्न में से कौनसी धातु कमरे के ताप पर द्रव अवस्था में होती है?**
(A) गैलियम (B) मर्करी
(C) तांबा (D) सिल्वर

**138. उदासीन लिटमस विलयन का रंग होता है—**
(A) लाल (B) पीला
(C) बैंगनी (D) हरा

**139. पादप कोशिका की कोशिका भित्ति किस जैव पदार्थ की बनी होती है?**
(A) वसा (B) सेल्युलोज
(C) प्रोटीन (D) विटामिन्स

**140. सजीवों के वर्गीकरण के आधार पर निम्न में से कौनसा युग्म सुमेलित है?**
(A) प्रोटिस्टा – जीवाणु (B) मोनेरा – माइकोप्लाज्मा
(C) फंजाई – डाइएटम (D) एनिमेलिया – यीस्ट

**141. निम्न में से कौनसा पाचक एन्जाइम नहीं है?**
(A) पेप्सिन (B) लाइपेज
(C) एस्ट्रोजन (D) एमाइलेज

**142. निम्न में से किस कोशिकांग को 'आत्मघाती थैली' कहा जाता है?**
(A) माइट्रोकान्ड्रीया (B) लाइसोसोम
(C) हरित लवक (D) गॉल्जी कॉय

**143. एक बक्से को खुरदरे फर्श पर फर्श पर धकेलने से घर्षण बल कहाँ उत्पन्न होता है?**
(A) बक्से की ऊपरी सतह पर
(B) बक्से के ऊपरी और नीचे की सतह के बीच में
(C) बक्से के नीचे की सतह व फर्श के बीच में
(D) फर्श पर

**144. प्रकाश का वेग न्यूनतम होता है?**
(A) निर्वात में (B) जल में
(C) वायु में (D) काँच में

**145. 100W - 220V के विद्युत बल्ब के तंतु का प्रतिरोध क्या होगा?**
(A) 900 ओम (B) 484 ओम
(C) 220 ओम (D) 100 ओम

**146. निम्नलिखित में से कौनसा सुपर कम्प्यूटर का उदाहरण नहीं है?**
(A) PARAM (B) IBM4300
(C) CRAY (D) CDAC

**147. मैमोरी की सबसे छोटी इकाई कौनसी है?**
(A) बिट (B) निबल
(C) बाइट (D) किलो बाइट


**148. कम्प्यूटर वायरस क्या है?**
(A) हानिकारक सॉफ्टवेयर (B) हानिकारक जीवाणु
(C) हानिकारक हार्डवेयर (D) इनमें से कोई नहीं

**149. OTP का पूरा नाम—**
(A) ON TIME PASSWORD
(B) ONE TIME PAYMENT
(C) ONE TIME PASSWORD
(D) ONE TASK PROGRAM

**150. विशेष चिह्न © लिखने हेतु प्रयुक्त शॉर्टकट की कौनसी है?**
(A) Ctrl + c (B) Ctrl + Alt + o
(C) Ctrl + Alt + c (D) Ctrl + Shift + Alt

❑❑❑

**रफ कार्य के लिए स्थान**



# संत श्री राजाराम भविष्य ज्ञान ज्योति फाउण्डेशन

## समाज में शैक्षणिक उन्नयन हेतु एक प्रयास

**कलबी समाज** के विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की वर्तमान पद्धतियों से अवगत कराकर उनमें सफलता सुनिश्चित कराने एवं विभिन्न क्षेत्रों में करियर के अवसरों की जानकारी देने के उद्देश्य से **भविष्य ज्ञान ज्योति प्रतिभा खोज परीक्षा एवं करियर गाइडेंस सेमिनार** का आयोजन **संत श्री राजाराम भविष्य ज्ञान ज्योति फाउण्डेशन (रजिस्टर्ड)** द्वारा **राजस्थान** के सभी कलबी बाहुल्य जिलों (**जालोर, सिरोही, बाड़मेर, जोधपुर, पाली** एवं **जयपुर**) में प्रतिवर्ष किया जाता है।

**भविष्य ज्ञान ज्योति प्रतिभा खोज परीक्षा** का प्रारम्भ वर्ष 2005 में **श्री राजाराम कलबी समाज छात्रावास सांचौर** (जालोर) में किया गया। तत्पश्चात इसको **श्री राजाराम कलबी समाज छात्रावास जालोर** में विस्तारित किया गया। सन् 2005 से 2012 तक इस परीक्षा का आयोजन **जालोर** एवं **सांचौर** में स्थित कलबी समाज के छात्रावासों में किया जाता रहा।

शैक्षिक सत्र 2013-14 से परीक्षा कार्यक्रम में महत्त्वपूर्ण बदलाव करते हुए यह परीक्षा राज्य स्तर पर कलबी समाज बाहुल्य जिलों के **ब्लॉक स्तरीय, जिला स्तरीय** व **राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता** तथा **करियर गाइडेंस सेमिनार** का आयोजन प्रतिवर्ष किया जा रहा है। इससे समाज के विद्यार्थियों में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरुकता बढ़ी फलस्वरूप इस परीक्षा में सहभागी रहे कई विद्यार्थी विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयनित हुए।

शैक्षिक सत्र 2021-22 में भविष्य ज्ञान ज्योति परीक्षा आयोजन समिति को संस्थागत रूप देते हुए **संत श्री राजाराम भविष्य ज्ञान ज्योति फाउण्डेशन** के रूप में पंजीकृत करते हुए संस्थान सदस्यों एवं भामाशाहों के आर्थिक सहयोग से जरूरतमंद प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए **छात्रवृत्ति** के रूप में **आर्थिक सम्बलन** प्रदान करना प्रारम्भ किया।

इस वर्ष (2022-23) में इस परीक्षा का आयोजन 16 **अक्टूबर**, 2022 को राज्य के 33 **परीक्षा केन्द्रों** पर होने जा रहा है जिसमें कुल पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या 7950 है। इसके पश्चात जिला स्तरीय एवं **राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता** एवं **करियर गाइडेंस सेमिनार** क्रमश: **जनवरी**, 2023 व **फरवरी** 2023 में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त क्विज प्रतियोगिता एवं करियर गाइडेंस सेमिनार के माध्यम से जरूरतमंद विद्यार्थियों का चयन **मई**, 2023 में किया जाएगा।